अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग

## सकारण आदेश

कार्य प्रमंडल, सिकहरना(ढाका) के अधीन योजनाशीर्ष PMGSY-III अतंर्गत वर्ष 2023–24 (Batch-1) में स्वीकृत एवं निर्णाणाधीन पुल T04 Ghodasan Chainpur road to Launkhan PWD road (Construction of RCC Box Culvert At-Ch-3+750) (स्वीकृत लम्बाई–17.95 मी0) (Package No-BR11P3R-47) में संवेदक **Dhirendra Construction Private Limited, (Regd. No-1220010)** को निर्माणाधीन पुल का ढलाई के उपरांत Slab के गिर जाने के कारण कालीसूची में सम्मिलित करने के पूर्व विभागीय पत्रांक–2344 दिनांक–05.07.2024 द्वारा पन्द्रह दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की पृच्छा की गयी थी। जिसके आलोक में संवेदक **Dhirendra Construction Private Limited, (Regd. No-1220010)** द्वारा डाक एवं ई–मेल के माध्यम से पत्रांक–167 अनु0 दिनांक–10.07.2024 द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। जिसमें संवेदक द्वारा कहा गया है कि स्पाईनल में प्रॉब्लम के कारण मैं अस्वस्थ्य हूॅ एवं मैं अभी चलने–फिरने में भी असमर्थ हूॅ तथा ईलाज मेदान्ता हॉस्पीटल में चल रहा है। इसलिए स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु संवेदक द्वारा 30 दिनों का समय की मांग की गयी है।

विदित हो कि अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, मोतिहारी के द्वारा अपने पत्रांक–925 अनु0 दिनांक–23.06.2024 से समर्पित अपने प्रतिवेदन में यह उल्लेख किया गया है कि दिनांक–22.06.2024 की संध्या में कुछ असमाजिक तत्वों से पुल स्थल पर विवाद हो गया था। इसके बावजूद संवेदक द्वारा स्थल सुरक्षा हेतु किसी भी स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों से सम्पर्क नहीं किया गया। जिसके कारण ढलाई के उपरांत स्लैब गिर गया और विभाग की छवि धूमिल हुई। संवेदक का यह कृत्य स्वेच्छाचारिता एवं विभाग के प्रति अनुशासनहीनता का घोतक है। यह कृत्य बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली के अनुसार दण्डनीय है।

अतएव सम्यक विचारोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007, अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 के कंडिका 11(क) की उपकंडिका (i) के आलोक में संवेदक **Dhirendra Construction Private Limited,** At–318 Sri Krishna Nagar Motihari, East Champaran Bihar Pincode: 845401 के **निबंधन संख्या–1220010** को अगले 01(एक) वर्ष के लिए निलंबित किया जाता है।

23/07/2024

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

(159)

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–46/2024 - 2505 /पटना, दिनांकः– 24/07/2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–46/2024 - 2505 /पटना, दिनांकः–24/07/2024

प्रतिलिपिः–सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/ सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–46/2024 - 2505 /पटना, दिनांकः–24/07/2024

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(नि0एवंगु0नि0) कालीसूची–10–46/2024 - 2505 /पटना, दिनांकः–24/07/2024

प्रतिलिपिः– संवेदक **Dhirendra Construction Private Limited, (Regd. No-1220010)**, At–318 Sri Krishna Nagar Motihari, East Champaran Bihar Pincode: 845401 को सूचनार्थ प्रेषित।

23/07/2024

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव